प्रो0 दीपक नगरिया
परीक्षा नियंत्रक

**डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0**
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पत्रांक स0 : ए0के0टी0यू0/प0नि0का0/2025/1913 दिनांकः01 जुलाई, 2025

सेवा में,

निदेशक / प्राचार्य
डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषयः **शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के द्वितीय चरण की रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं के प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन जारी किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत हो कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2024-25 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के रेगुलर एवं विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अन्तर्गत आने वाले छात्रों के कैरी ओवर विषयों की परीक्षायें **दिनांक 02 जुलाई, 2025 से 23 जुलाई, 2025 तक आयोजित** कराया जाना निर्धारित है।

**उपरोक्त के सन्दर्भ में सूचित करना है कि उपरोक्त सम सेमेस्टर के द्वितीय चरण की परीक्षाओं में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र, वेरिफिकेशन कार्ड एवं परीक्षार्थियों की सूची इत्यादि संस्थान की ई0आर0पी0 लॉगिन में उपलब्ध करा दिया गया है तथा पात्र/अर्ह छात्र/छात्राओं का प्रवेश पत्र छात्र ई0आर0पी0 लॉगिन से स्वतः ही निर्गत हो जायेगा।**

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से तदनुसार अवगत होते हुए संस्थान में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रवेश पत्र प्राप्त करने हेतु सूचित करते हुए यथा आवश्यक कार्यवाही करते हुए सेमेस्टर परीक्षा में पूर्ण सहयोग करने का कष्ट करें।

भवदीय
01/07/2025
(परीक्षा नियंत्रक)

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।**
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति / कुलसचिव / वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. संयुक्त / उप परीक्षा नियंत्रक, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित की उपरोक्त के सन्दर्भ समयानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

(परीक्षा नियंत्रक)